भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या1632**
उत्तर देने की तारीख 10मार्च, 2025
19फाल्गुन, 1946 (शक)

## युवा कनेक्ट कार्यक्रम

**1632. श्री दामोदर अग्रवाल:**
**श्री मनोज तिवारी:**
**श्रीमती हिमाद्री सिंह:**
**डॉ. निशिकान्त दुबे:**
**सुश्री कंगना रनौत :**
**श्री बलभद्र माझी:**
**श्रीमती स्मिता उदय वाघः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क)सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केंद्र संगठन की पहुंच अधिक से अधिक छात्रों और युवाओं, महाराष्ट्र राज्य के जलगांव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित, वंचित / पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा चलाए जा रहे "विकसित भारत राजदूत युवा कनेक्ट" कार्यक्रम के माध्यम से देश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की महत्वाकांक्षाओं और चुनौतियों को किस तरह से पूरा किया जाएगा;

(ग) क्या सरकार शैक्षणिक संस्थानों के पाठ्यक्रम में आलोचनात्मक सोच और नागरिक जुड़ाव जैसे मूल्यों को एकीकृत उक्त कार्यक्रम के एक भाग के रूप में करने की योजना बना रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा जलगांव जैसे जिलों में जमीनी स्तर पर भागीदारी पर जोर देते हुए खेल और युवा जुड़ाव कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए क्या विशिष्ट पहल की जा रही है; और

(ङ) महाराष्ट्र में विशेष रूप से जलगांव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में युवा विकास कार्यक्रमों को सशक्त करने के लिए कितने धन और संसाधनों का आवंटन किया गया है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क)सरकार ने माई भारत (मेरा युवा भारत) पोर्टल के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की पहुँच विकसित करने के लिए कदम उठाए हैं। यह पोर्टल युवा विकास और युवा-नेतृत्व जनित विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित एक व्यापक संस्थागत तंत्र प्रदान करता है। माई भारतका डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने और विकसित भारत के निर्माण के लिए अवसरों तक समान पहुँच प्रदान करता है। इसे 15 से 29 वर्ष की आयु के डायनेमिक यूथ डेमोग्राफिक की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह प्लेटफ़ॉर्म संसाधन, मेंटरशिप प्रोग्राम, अनुभव जन्य सीख के अवसर, नेटवर्क और अमूल्य उद्योग कनेक्शन प्रदान करता है। यह एक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में कार्य करता है, जो व्यक्तियों को उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में प्रेरित करता है और साथ ही उन्हें अपने समुदायों में परिवर्तन के सूत्राधार बनने के लिए तैयार करता है। महाराष्ट्र में एनएसएस में 387115 स्वयंसेवक नामांकित हैं। जलगाँव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित डेटा निम्नानुसार है:

(i) जलगांव में वित्त पोषित एनएसएस इकाइयों के तहत पंजीकृत एनएसएस स्वयंसेवक- 7950

(ii) जलगांव में स्व:पोषित एनएसएस इकाइयों के तहत पंजीकृत एनएसएस स्वयंसेवक- 1360

इसके अलावा, नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) देश भर में अपने 623 जिला नेहरू युवा केंद्रों के माध्यम से युवा सशक्तिकरण तथा नेतृत्व को बेहतर बनाने और उसे विकसित करने के लिए अन्य मंत्रालयों के सहयोग से मुख्य कार्यक्रम, विशेष कार्यक्रम का आयोजन, युवा कार्यक्रम विभाग की स्कीमों और परियोजनाओंका कार्यान्वयन करता है। एनवाईकेएस का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को संगठित करना, प्रेरित करनाऔर गांव-आधारित युवा क्लबों के रूप में लोकतांत्रिक संस्थागत तंत्र विकसित करने के लिए उनकी क्षमताओं को बढ़ाना, उन्हें उत्पादक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए सशक्त बनाना, समानता और स्वयंसेवा की भावना के साथ सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण गतिविधियों की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार के रूप में कार्य करने के लिए स्थानीय नेतृत्व संभालना है।

पिछले दो वर्षों के दौरान महाराष्ट्र राज्य के जलगांव निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर में एनवाईकेएस द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार है:

(I) मुख्य कार्यक्रम :

1. युवा क्लब विकास कार्यक्रम

2. स्थानीय थीम आधारित कार्यशालाएँ
3. राष्ट्रीय महत्व के दिनों को मनाना
4. ग्राम क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता/ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता
5. खेलों को बढ़ावा देना (युवा क्लबों को खेल सामग्री)
6. कौशल आधारित उद्यमिता कार्यक्रम
7. मिशन लाइफ
8. राष्ट्रीय युवा दिवस पर मेगा कार्यक्रम
9. राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह
10. माई भारत - विकसित भारत नारी शक्ति फिटनेस रन (ब्लॉक स्तर)
11. मतदाता जागरूकता और पंजीकरण अभियान
12. जिला स्तरीय युवा उत्सव
13. माई भारत - विकसित भारत भाषण प्रतियोगिता
14. मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

(II) विशेष कार्यक्रम:

- स्वच्छ भारत

(III) युवा कार्यक्रम विभाग की स्कीम :

- नेबहरहूड यूथ पार्लियामेंट

(IV) विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से परियोजना:

- कैच द रेन

(ख) विकसित भारत एम्बेसडर - युवा कनेक्ट कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के विकासात्मक परिवर्तन में युवाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देना है। इसके लिए शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों सहित सभी वर्गों के छात्र भाग ले रहे हैं। यह युवाओं और प्रतिष्ठित हस्तियों के बीच युवाओं से जुड़े सार्वजनिक मुद्दों पर एक संवादात्मक सत्र है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा छात्रों के साथ प्रश्नोत्तर राउन्ड के बाद विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी जाती हैं।

(ग) वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(घ) चालू वर्ष के दौरान जमीनी स्तर की भागीदारी पर जोर देते हुए जलगांव सहित अन्य जिलों में युवा सहभागिता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा की जा रही विशिष्ट पहलें निम्नानुसार हैं:

1. राष्ट्रीय महत्व के दिनों को मनाना
2. ब्लॉक स्तरीय खेल आयोजन
3. खेलों को बढ़ावा देना (युवा क्लबों को खेल सामग्री)

4. राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह
5. जिला स्तरीय युवा उत्सव
6. एक पेड़ माँ के नाम अभियान
7. स्वच्छता ही सेवा - सफाई अभियान
8. माई भारत के साथ दिवाली
9. अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम
10. नशा मुक्ति और मादक पदार्थों के सेवन पर जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम

इसके अलावा, 'खेल' राज्य का विषय है होने के कारण जलगांव सहित देश में खेलों के विकास और प्रोत्साहन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों की होती हैऔर केंद्र सरकार केवल उनके प्रयासों में सहायता करती है। तथापि, सरकार देश भर में विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमें चला रही है। इन स्कीमों में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) खेलो इंडिया- राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम;
(ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता;
(iii) अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार;
(iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
(v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
(vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण स्कीम;
(vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि(एनएसडीएफ); और
(viii) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

इन स्कीमों का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट https://yas.nic.in/ पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना का निर्माण और उन्नयन" घटक के अंतर्गत, यह मंत्रालय खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। महाराष्ट्र राज्य सहित पूरे देश में खेलो इंडिया स्कीम के तहत स्वीकृत खेल अवसंरचना का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ङ) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एनवाईकेएस स्कीमके तहत 412.00 करोड़ रु. के कुल आवंटन में से, महाराष्ट्र में एनवाईकेएस के कार्यालयों के लिए 22.48 करोड़ रु. की धनराशि आवंटित की गई है, जिसमें नेहरू युवा केंद्र, जलगांव के कार्यालय की स्थापना और कार्यक्रम व्यय को पूरा करने के लिए आवंटित 0.88 करोड़ रु. शामिल हैं।

****